सुनीता की वापसी महिला सशक्तिकरण का प्रतीक

कोलकाता, 20 मार्च (नि.प्र.)। कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स और कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स लेडीज फोरम ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर परिवर्तन के प्रतीक संकल्प के महारथी कार्यक्रम का आयोजन किया। इस खास मौके पर, अंतरिक्ष मिशन के बाद सुनीता विलियम्स की पृथ्वी पर वापसी को महिलाओं की असीम क्षमताओं का प्रतीक बताया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की प्रेरणादायक महिलाओं ने भाग लिया, जिनमें अहावा कम्युनिकेशंस की संस्थापक मोना सेनगुप्ता और छह बार की महिला वर्ल्ड चैंपियन केटलबेल स्पोर्ट्स खिलाड़ी सीए शिवानी अग्रवाला शामिल रहीं। चर्चा का संचालन डायमंड हार्बर महिला विश्वविद्यालय की डीन डॉ. तानिया चक्रवर्ती ने किया। कार्यक्रम में कलकत्ता चैंबर के अध्यक्ष हरि शंकर हलवासिया और सीसीसीएलएफ के अध्यक्ष मंजुला जैन भी उपस्थित रहीं। इस आयोजन ने महिलाओं की नेतृत्व क्षमता और संकल्प को उजागर किया, जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।